Title: Need to provide financial assistance to State Government of Uttar Pradesh to solve acute drinking water problem in Banda and Chitrakut districts.

श्री राम संजीवन (बांदा): महोदय, उत्तर प्रदेश के बांदा व चित्रकूट जिले बुंदेलखंड के अन्तर्गत आते हैं। बुंदेलखंड के इन दोनों जिलों में पेयजल का भीषण अभाव पैदा हो गया है। यह क्षेत्र ऊंचा-नीचा, कंकरीला-पथरीला है तथा पहाड़ों से घिरा है। मजबूत पथरीली चट्टानों की वजह से पेयजल हेतु कुआं खोदना एक अत्यन्त कठिन और दुस्तर कार्य है। कुआं खोदने की लागत भी बहुत अधिक होती है। इसलिए इंडिया मार्क-२ हैंट पम्प के द्वारा ही मुख्य रूप से पेयजल की समस्या का निदान संभव हो पाता है। बरसाती नदी-नाले व तालाब पोखरे सूख गए हैं, क्योंकि उनके पानी से किसानों ने अपने खेतों की सिंचाई कर ली है। उस क्षेत्र में अधिक पानी देने वाले नलकूप सफल नहीं है। इसलिए नलकूपों द्वारा भी पेयजल की आपूर्ति संभव नहीं है।

जनता पेयजल की आपूर्ति हेतु हैंडपम्प और ग्राम समूह पेयजल योजना की मांग करती है। किन्तु धन के अभाव में हैंड पम्प लगाने और ग्राम समूह पेयजल योजनाओं का कार्य ठप्प है। गर्मी की ऋतु आने पर यह समस्या विकराल रूप धारण करेगी। इसलिए केन्द्र सरकार पेयजल आपूर्ति हेतु उक्त जिलों के लिए सीधे धन की व्यवस्था तत्काल करे अथवा राज्य सरकार को इसके लिए धन उपलब्ध कराए ताकि समस्या का निदान हो सके।